बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना

5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001

(वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in)

संदर्भ : विज्ञापन संख्या–02/2025

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के पद पर चयन हेतु शारीरिक समर्थता परीक्षण का आयोजन, ई–प्रवेश–पत्र एवं अभिलेख सत्यापन के संबंध में आवश्यक सूचना

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के 24 (चौबीस) रिक्त पदों पर चयन हेतु दिनांक–29.04.2025 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–02/2025 के क्रम में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर अगले चरण के लिए पात्र 136 अभ्यर्थियों का शारीरिक समर्थता परीक्षण दिनांक–18.12.2025 को पटना में आयोजित किया जायेगा।

2. शारीरिक समर्थता परीक्षण का प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाईटः https://bpssc.bihar.gov.in पर "Forest Dept." Tab के अन्तर्गत दिनांक–02.12.2025 से उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपना ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर प्रिंट आउट ले लें। स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी ई–प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा।

3. जो अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाईट से ई–प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं कर सकें वे दिनांक–15.12.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 17:00 बजे तक बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के 5, हार्डिंग रोड, पटना–800001 स्थित कार्यालय से डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र की पावती की छायाप्रति एवं एक वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र के साथ आयोग के उपरोक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपने खर्च पर डुप्लिकेट ई–प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

4. शारीरिक समर्थता परीक्षण (PET) में निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना एवं पात्र अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन कराना अनिवार्य है, अन्यथा वे चयन के लिए अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा। **किसी भी स्थिति में अवधि विस्तार का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।**

5. शारीरिक समर्थता परीक्षण (PET) के अवसर पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने ई–प्रवेश–पत्र एवं ऑनलाइन आवेदन–पत्र की पावती की छायाप्रति के अतिरिक्त निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उसकी एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :–

(i) वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र जैसे– मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि।

(ii) जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट)।

(iii) विज्ञापन के कंडिका 4.2 के अनुसार स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।

(iv) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का जाति प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।

(v) क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र एवं प्रपत्र–xviii B (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। क्रीमीलेयर रहित (NCL) प्रमाण–पत्र, महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।

(vi) बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए)।

(vii) बिहार राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य होने संबंधी वित्तीय वर्ष 2024–2025 की आय एवं परिसम्पतियों के आधार पर बना हुआ प्रमाण–पत्र। बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक– 26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में अनुमान्य होगा।

(viii) बिहार सरकार के सरकारी सेवक होने संबंधी प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो), बिहार सरकार में कार्यरत ऐसे सरकारी सेवक, जिन्होंने विज्ञापन में वर्णित कट ऑफ तिथि तक नियमित सेवा में न्यूनतम तीन वर्षो की अवधि पूरी कर ली हो, वे अपने नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाएँगे।

8. प्रतियोगिता परीक्षा के प्रत्येक चरण में सभी अभ्यर्थियों को विज्ञापन संख्या–02/2025 में वर्णित सभी शर्तो/प्रावधानों का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।

ह0/–

अध्यक्ष,

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,

पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा–01–01/2025–933 दिनांक–25.11.2025

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,

5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001